प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 14.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन, वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया पर्चा दाखिल।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा आज गिरिडीह में, इंडी गठबंधन के कोडरमा प्रत्याशी के समर्थन में झामुमो की कल्पना सोरेन भी करेंगी जनसभा।
3. टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम से ईडी कार्यालय में पूछताछ जारी।
4. आईआईटी–आईएसएम धनबाद के नए निदेशक के रूप में नियुक्त प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा आज आयेंगे धनबाद, कल करेंगे पदभार ग्रहण।

**************************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नाम दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13–13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3 और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की एक सीट पर सातवें चरण में वोट डाले जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। शुक्रवार तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इस चरण के लिए अगले महीने की पहली तारीख को मतदान होगा।

**************************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। इससे पहले श्री मोदी ने गंगा पूजन किया। फिर काल भैरव मंदिर में दर्शन करने के बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रस्तावक पंडित गणेश्वर शास्त्री भी मौजूद रहे।

**************************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गिरिडीह जिले के पेशम में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री साढ़े तीन बजे एक चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद वापस लौट जायेंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक दल के नेता अमर बाउरी, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो समेत भाजपा और उसके सहयोगी दलों के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोडरमा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग प्रत्याशी मनीष जायसवाल, गिरिडीह प्रत्याशी सीपी चौधरी और गांडेय विधान सभा उपचुनाव के प्रत्याशी दिलीप कुमार वर्मा के लिए वोट मांगेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

**************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ईवीएम को सुरक्षित वज्रगृह तक लाने का चुनौतीपूर्ण कार्य जारी है।

**************************

झामुमो की कल्पना सोरेन आज गांडेय जाएंगी। कल्पना सोरेन वहां कोडरमा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगी। वे गांडेय में जनसम्पर्क अभियान भी चलाएंगी।

**************************

चतरा लोक सभा सीट पर 20 मई को होने वाले मतदान से पहले चल रहे चुनावी प्रचार में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है। चतरा लोक सभा सीट पर कुल 22 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। जिनमें

भाजपा ,कांग्रेस और बसपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों के अलावा 10 मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवार और 9 निर्दलीय प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

**************************

चतरा लोकसभा सीट के लिए 20 मई को मतदान किया जायेगा। इस लोक सभा चुनाव में संसदीय क्षेत्र के सतहत्तर (77) हजार ब्यालीस (42) युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। चतरा विधानसभा क्षेत्र में युवा मतदाताओं की संख्या इक्कीस हजार चार सौ उनसठ हैं। इसके बाद जिले के सिमरिया में युवा मतदाता सबसे ज्यादा हैं जो पहली बार वोट करेंगे। सिमरिया में युवा वोटरों की संख्या सत्रह हजार एक सौ उन्नीस है। चतरा लोक सभा चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या सोलह लाख सतासी (87) हजार आठ सौ इकतालीस (841) है।

**************************

दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। आज दिन के 3.00 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे।

**************************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम से प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आज पूछताछ शुरू कर दी है। ईडी ने उन्हें रविवार को समन किया था। आलमगीर आलम ने कहा कि वे पूछताछ में ईडी को सहयोग करेंगे। इससे पहले ईडी ने छह मई को मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव रहे संजीव लाल सहित कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी में ईडी ने संजीव लाल के घरेलू नौकर जहांगीर आलम के हरमू रोड स्थित फ्लैट से बत्तीस करोड़ बीस लाख रूपये जब्त किए थे। ईडी ने झारखंड मंत्रालय स्थित संजीव लाल के विभागीय चैंबर में भी छापेमारी की थी। वहां से भी ईडी ने एक लाख पचहत्तर हजार रूपये बरामद किए थे।

**************************

एम्स देवघर में अग्निशमन यंत्र के लिए फिनलैंड से हुए समझौते की प्रति कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया गया है। कल जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। अदालत ने राज्य सरकार को समझौते की कॉपी केंद्र सरकार को देने और केंद्र सरकार को उसे यथाशीघ्र कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 20 जून को होगी।

**************************

गोड्डा जिले के ललमटिया थाना क्षेत्र के ललघुटवा स्थान के पास सड़क दुर्घटना में एक छात्रा की मौत हो गई। छात्रा अपने मित्र के साथ पथरगामा कॉलेज पढ़ने जा रही थी। इधर नगर थाना क्षेत्र के बढौना गांव में घरेलू विवाद से तंग आकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**************************

धनबाद आईआईटी आईएसएम के नए निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा आज धनबाद पहुंचेंगे। श्री मिश्रा कल निदेशक पद पर पदभार ग्रहण करेंगे। जैसा कि आपको मालूम है कि संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर राजीव शेखर के सेवानिवृत्त होने के बाद प्रोफेसर जेके पटनायक कार्यवाह निदेशक का पद संभाल रहे थे। प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा के पदभार ग्रहण करने के बाद आईआईटी आईएसएम को नया निदेशक मिल जाएगा।

**************************

राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में आज से तापमान में वृद्धि होगी। मौसम विभाग ने बताया है कि एक सप्ताह बाद उन्नीस मई से एक बार फिर मौसम में बदलाव हो सकता है। संताल परगना सहित कई इलाकों में गरज के साथ बारिश हो सकती है। इससे कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आज से मौसम शुष्क रहेगा। कल रांची का अधिकतम तापमान पैंतीस डिग्री सेल्सियस रहा।

*********************